प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 23.04.2024

लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, लूट की 01 अदद मोबाईल व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट के नेतृत्व में उ0नि0 महेश कुमार चौबे चौकी प्रभारी रेलवे कालानी मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 242/2024 धारा 392 भादवि से संबंधित अभियुक्त 1. रंजीत उर्फ झीनक 2. किशन कुमार को लूट की मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 34,411 भादवि0 की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाह की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 20/04/2024 को आवेदक रेलवे बस स्टैड गोरखपुर पर पहुंचकर फोन पर लोकेशन सर्च कर रहे थे कि तभी अचानक एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार आवेदक का मोबाइल छीन कर भाग गए, जिसके संबंध में आवेदक की लिखित तहरीर के आधार थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 242/2024 धारा 392 भादवि0 पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण नाम व पता व आपराधिक इतिहास-

1. रंजीत उर्फ झीनक पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी सिहोड़वा सोहगौरा थाना चौरीचोरा जनपद गोरखपुर हालपता बेतियाहाता हनुमान मन्दिर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
    - I. मु0अ0सं0 0535/2023 धारा 392/411 भादवि थाना गीडा जनपद गोरखपुर
    - II. मु0अ0सं0 242/2024 धारा 392,34,411 भा0द0वि0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
    - III.मु0अ0सं0 1081/2017 धारा 379 भा0द0वि0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

2. किशन कुमार पुत्र स्व0 अवधेश कुमार निवासी हुमायूपुर उत्तरी जगेश्वर पासी चौराहा थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर
    - I. मु0अ0सं0 242/2024 धारा 392,34,411 भा0द0वि0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

1. 01 अदद लूट की मोबाइल फोन
2. घटना मे प्रयुक्त वाहन एच एफ डीलक्स मोटरसाईकिल

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 महेश कुमार चौबे चौकी प्रभारी रेलवे थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2. प्र0उ0नि0 अभय सिंह यादव थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3- हे0का0 मोहसिन खान थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
4- हे0का0 वीरेन्द्र तिवारी थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
5- का0 संजीत यादव थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर